## सार-समाचार

### जागरूकता शिविर का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के मासिक एक्शन प्लान माह सितम्वर, 2025 के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के सचिव, अनुतोष गुप्ता के निर्देशानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ऊँदरा, भरतपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, भरतपुर द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013, अनुसूचित जाति/जनजाती के विरूद्ध अस्पृष्यता और अत्याचार के अपराधों से संबंधी कानून, नालसा जागृति स्कीम, नालसा संवाद स्कीम, नालसा डाउन स्कीम, नालसा थीम सॉन्ग, साइबर क्राइम, बाल श्रम, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, महिला सषक्तिकरण, बिना लाइसेन्स वाहन न चलाना, टैफिक नियम, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही शिविर में कानूनी संबंधी, निःषुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, बाल विवाह अभिशाप एवं उसके दुष्परिणाम, पोक्सो अधिनियम, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, 2024 योजनाओं, बच्चों का हेल्पलाईन नं. 1098, नालसा के टोल-फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नं. 15100 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के बारे में बताया एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया। शिविर के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्वेतलता शर्मा द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

**करौली, ( निंसं. )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी करौली द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ मुद्दे पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आज मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे भंवर विलास पैलेस मैरिज गार्डन करौली में किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवराज मीणा ने बताया कि इस बैठक में जिला प्रभारी एवं बसेड़ी विधायक संजय जाटव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सांसद, समस्त विधायक, पूर्व विधायक, जिला पदाधिकारी, जिला प्रमुख, प्रधान, पार्षद, पंचायत एवं जिला परिषद सदस्य, अग्रिम संगठन, विभाग और प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्ष अपनी-अपनी कार्यकारिणी सहित भाग लेंगे।उन्होंने बताया कि यह बैठक लोकतंत्र की रक्षा और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेसजनों को एकजुट कर आंदोलन को और मजबूत करने के लिए आयोजित की जा रही है।

### डॉ रत्नप्पा कुम्हार की मनाई जयंति

**करौली,( निंसं. )।** दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली संस्थान कार्यालय तीन बड़ करौली पर जयंति समारोह पूर्वक मनाई संरक्षक रामेश्वर ठेकेदार ने डॉ रत्नप्पा कुम्हार के चित्र पटल के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित,माल्यार्पण कर किया। उन्होने बताया कि कार्यक्रम का संचालन छीतर लाल प्रजापति संयोजक ने करते हुए डॉ रत्नप्पा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराष्ट्र के कोलापुर जिले 15सितंबर 1909 को हुआ,उनके माता ज्ञानवती एवं पिता संतोषबली था उनका चिकित्सीय पेशा था,रामेश्वर ठेकेदार संरक्षक ने कहा कि संविधान प्रारूप समिति अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेकर के साथ संविधान निर्माण में महत्व पूर्ण भूमिका निभाई है उनके संघर्ष जीवन से हमे प्रेरणा लेनी है संगोष्ठी में गंगाराम प्रजापत सचिव ,हेमराज प्रजापत गादोली ,अनिल प्रजापत ने विचार व्यक्त किए बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि भारतीय संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महापुरुष की जयंति पर सरकार को सार्वजनिक अवकाश घोषित की जाए कैलादेवी धर्मशाला के विकास एवं कार्यकारणी पुनर्गठन करने का निर्णय लिया रविवार 21 सितंबर को करौली में आगामी बैठक होगी बैठक में रामेश्वर ठेकेदार,छीतर लाल प्रजापति संयोजक,गंगाराम प्रजापत सचिव, लखन लाल गुबरेड़ा, रामरूप प्रजापति डायरेक्टर, कस्तूर चंद प्रजापति, हेमराज प्रजापत गादोली , अनिल कुमार, रामस्वरूप, रंगलाल,राजूलाल, धनसिंह, ज्ञानसिंह, रामबीर,रमेश प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

### मीटिंग आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** दयाधाम सेवा संस्थान की मीटिंग वृजधाम रेस्टोरेंट आदर्श नगर कोलोनी भरतपुर में आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता रघुवीर सिंह टुण्डा एवं मुख्य अतिथि सुरेश सिंघल के सानिध्य में आयोजित हुई। संस्था की अध्यक्षता गरिमा तिवारी द्वारा सदस्यता शुल्क, नवीन सदस्यों से जोडने की बात कही। संस्था सचिव अरविन्द कुमार द्वारा मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों से सुझाव आमंत्रित करते हुए संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था का ध्येय मानव में आधुनिक काल में लुप्त होती जा रही मानवता को जाग्रत करना है तथा "वासुदेव कुटुम्बकम्" के ध्येय को चरितार्थ करना है ताकि प्रत्येक जीव अन्य जीवों पर दया के भाव को अपनी महानता न समझकर अपना कर्तव्य समझें व एक और बेहतर समाज की स्थापना करें। मीटिंग में राजूश्रीवास्तव, राघवेन्द्र परिहार, उत्तम सिंघल, सुषमा गोयल, अनीता खंडेलवाल, तृप्ति सिंघल, नीलम शर्मा, गगन, सीमा सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. बच्चूसिंह मीणा सम्मानित हुए

**हिंडौन सिटी ।** कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के 13वें स्थापना दिवस समारोह में हिंडौन स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्षडॉ. बच्चूसिंह मीणाको'सर्वश्रेष्ठ कृषि वैज्ञानिक पुरस्कार'से सम्मानित किया गया। डॉ. मीणा को यह सम्मान किसानों की आय बढ़ाने, फसल उत्पादकता में सुधार एवं नई कृषि तकनीकों के विकास और उन्हें व्यवहार में उतारने जैसे उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। उन्होंने अपने शोध कार्यों के जरिए वैज्ञानिक उपलब्धियों को सीधे किसानों तक पहुँचाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलगुरुडॉ. ए.के. व्यासने कहा कि डॉ. मीणा का योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी है और यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि ऐसे समर्पित वैज्ञानिक इसके साथ जुड़े हैं। स्थापना दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, वैज्ञानिक, शोधार्थी और किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 17 सितम्बर को कांग्रेस का वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान कार्यक्रम

**भरतपुर ( निस )।** भरतपर में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आगामी 17 सितंबर 2025 बुधवार को दोपहर 1 बजे भीमा रिजॉर्ट सुभाष नगर भरतपुर में कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वोट चोर- गद्दी छोड़ एवं हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा। कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि अभी हाल ही जयपुर में प्रदेश कांग्रेस की हुई बैठक के दौरान प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा एवं प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की मौजूदगी में लिए गए निर्णय अनुसार 15 सितंबर से 17 सितंबर तक पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ एवं हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा की जा रही वोट चोरी के विरोध में पूरे देश में यह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं एवं जिला मुख्यालयों के बाद ब्लॉक स्तरों पर भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएंगे। कार्यक्रम में संभाग प्रभारी पूर्व विधायक जीआर खटाना, पीसीसी के महासचिव एवं जिला प्रभारी राजेश चौधरी एवं सांसद संजना जाटव भी उपस्थित रहेंगे। पीसीसी के निर्देशानुसार उक्त जिला स्तरीय कार्यक्रम में पीसीसी, विधायक/पूर्व विधायक, सांसद/ पूर्व सांसद, समस्त जिला, ब्लॉक एवं मंडल कार्यकारिणी, समस्त अग्रिम संगठनों, प्रकोष्ठ, कांग्रेसी इकाइयों के पदाधिकारीयों सहित जन् प्रतिनिधियों का भी उपस्थित होना अनिवार्य है।

### हरि कीर्तन एवं पद दंगल कार्यक्रम 4 से

**करौली,( निंसं. )।** सपोटरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नारौली डांग में 4 अक्टूबर से चार दिवसीय विशाल हरी कीर्तन व पद दंगल का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए दंगल कमेटी के पदाधिकारियों ने क्षेत्र की प्रसिद्ध हरी कीर्तन पार्टियों को आमंत्रण पत्र सौंपा है। दंगल कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि नारौली डांग में 4 अक्टूबर से शुरू होने वाले चार दिवसीय विशाल हरी कीर्तन व पद दंगल में भाग लेने के लिए कमेटी के पदाधिकारियों ने जोड़ली, जीरोता, खानपुर, औड़च व पहाड़पुरा की प्रसिद्ध हरी कीर्तन पार्टियों को आमंत्रण पत्र सौंपकर 4 व 5 अक्टूबर को कीर्तन पार्टियों व पद पार्टी झारेडा, भूडा उकेरी, सहजनपुर व रीछोटी को 6 व 7 अक्टूबर को दंगल में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। ये पार्टियां दंगल में धार्मिक एवं पौराणिक कथाओं पर आधारित रचनाओं की प्रस्तुतियां देंगी।

# एन.सी.ई.आर.टी. पुस्तक में लोहागढ़ रियासत को गलत दर्शाने पर विरोध किया

■ **लोहागढ रियासत को स्वतंत्र एवं अजेय के रूप में प्रकाशित करने के लिए ज्ञापन दिया गया**

**भरतपुर,( निस )।** जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसायटी भरतपुर की जिला कार्यकारिणी ने जिलाध्यक्ष तेजवीर सिंह देशवाल के नेतृत्व में पूर्व मंत्री एवं वर्तमान भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग को लोहागढ रियासत के सही तथ्यों के साथ अन्याय करके एनसीईआरटी की कक्षा 8 की इतिहास की पुस्तक में गलत प्रकाशित किया गया है। इस गलत प्रकाशन को संशोधित करके सही तथ्यों के साथ लोहागढ रियासत को स्वतंत्र एवं अजेय के रूप में प्रकाशित करने के लिए ज्ञापन दिया गया।

संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश चौधरी ने बताया कि भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने संगठन को विश्वास दिलाते हुए कहा कि मैं इस लोहागढ रियासत के इतिहास के साथ जो अन्याय हो रहा है इसकी जानकारी हमारे राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान में भारत सरकार के मंत्री जयंत चौधरी को व्यक्तिगत पत्र लिखकर केन्द्रीय पटल पर पुरजोर तरीके के साथ उठवाऊँगा। जिसके लिए उन्होंने संगठन को जयंत चौधरी को प्रेषित पत्र भी तुरन्त सौंप दिया। जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र तंवर ने बताया कि राजस्थान में ही नहीं अपितु समूचे भारत में अजेय लोहागढ दुर्ग अपनी अनूठी स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध रहा है।

इस दुर्ग को महाराजा सूरजमल व उनके पराक्रमी पुत्र महाराजा जवाहर सिंह ने अपने-2 रणकौशल से इसे हमेशा अजेय बनाये रखा। इसी के परिणामस्वरूप महाराजा जवाहर सिंह ने पूरी लोहागढ रियासत को साथ लेकर दिल्ली को फतह किया जोकि पूरे क्षेत्र के लिए बडे गौरव की बात है। जिला उपाध्यक्ष रघुराज सिंह ने बताया कि लोहागढ जाट रियासत मुगल शासकों से घिरी होने के बावजूद हमेशा स्वतंत्र एवं सनातनी परम्परा की पोषक रही। महाराजा सूरजमल आज तक अजेय हिन्दू व बृजरक्षक के रूप में सभी सनातनियों के दिल में बसते हैं। परन्तु बडे दुर्भाग्य के साथ अनुरोध करना पड रहा है कि उपरोक्त दुर्ग एवं रियासत को एनसीईआरटी द्वारा कक्षा 8 की इतिहास की पुस्तक में मराठाओं के शासन के अधीन बताया गया है।

जवकि दूसरी तरफ सच्चाई यह है कि लोहागढ रियायत के महाराजा एवं महारानी किशोरी ने पानीपत के युद्ध में मराठाओं की शर्मनाक हार होने पर उन्हें पूरा संरक्षण एवं सत्कार सेवा देकर सच्चे सनातनी होने का धर्म निभाया और मराठाओं की बची कुची घायल सेना को अपने संसाधनों से मराठा शासन की राजधानी तक पहुँचाया था। शुभम फौजदार ने बताया कि महाराजा सूरजमल ने अपने जीवन में 80 युद्ध लडे और उन सभी में अजेय रहे। बाद में अंग्रेज भी इसे सालों तक आसानी से अपने कब्जे में नहीं कर पाये और तभी से इसका नाम अजेय लोहागढ पडा। रामवीर चौधरी ने कहा कि यह गलत प्रकाशन पूरी लोहागढ जाट रियासत के खिलाफ गहरा षडयंत्र एवं अपमान है। भारत सरकार को इसे शीघ्रता शीघ्र सही संशोधन कराना चाहिये ताकि आक्रोषित समस्त लोहागढ की जनता प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सके।

ज्ञापन देते समय विजय पूनियां, कमल इन्दौलिया, राकेश मदेरणा, योगेश चौधरी, मोहित चौधरी, मोहर सिंह फौजदार, दुष्यन्त सिंह, नेतराम डागुर, भूपेन्द्र चौधरी, अतुल सिंह, नितेश, मोहन सिंह, भगवान सिंह, गीतम सिंह कुंतल, रविन्द्र सिंह, सुनील चौधरी, सहित काफी संख्या में आक्रोषित युवाओं की भीड उपस्थित थी।

## अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाने की तैयारी

■ **सूरौठ में अग्रवाल समाज की बैठक, शोभायात्रा और सहभोज होगा, प्रतिष्ठान रहेंगे बंद**

**सूरौठ।** कस्बे में अग्रवाल समाज की ओर से 22 सितंबर को महाराजा अग्रसेन जयंती बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाई जाएगी। इसको लेकर समाज की बैठक अग्रसेन वाटिका, स्टेशन रोड पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष सतीश जिंदल और समाज अध्यक्ष घनश्याम मंगल ने की, जबकि जिला मंत्री देवानंद गुप्ता अतिथि रहे।बैठक में निर्णय लिया गया कि हर साल की तरह इस बार भी कस्बे के सभी अग्रबंधु अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे और समाज एकजुट होकर जयंती मनाएगा।

22 सितंबर को सुबह 8 बजे गाजे-बाजे के साथ महिलाओं द्वारा कलश यात्रा और महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा मुख्य बाजार के प्रमुख मार्गों से होते हुए अग्रसेन वाटिका पर संपन्न होगी। दोपहर 12 बजे से सहभोज का आयोजन होगा। इसी दिन समाज की वार्षिक आय-व्यय रिपोर्ट पेश की जाएगी और वरिष्ठ एवं युवा वर्ग के चुनाव भी सम्पन्न होंगे। बड़ी संख्या में अग्रबंधु रहे मौजूद- बैठक में कोषाध्यक्ष विष्णु मंगल, युवा महामंत्री पिंटू गोयल, युवा कोषाध्यक्ष पंकज गोयल, अखिलेश बजाज, कैलाश सिंहल, जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश गोयल, नारायण सिंघल, गौरव सिंघल, अरुण गोयल, जीतू गोयल, केदारलाल गुप्ता, सेवाराम गोयल, विष्णु मित्तल, पुरुषोत्तम गोयल, संजय जिंदल, भगवान सिंहल, घनश्याम गोयल, हुकुम बंसल, प्रसून मित्तल, संतोष गोयल, सुशील गोयल सहित अनेक अग्रबंधु उपस्थित रहे।

## फार्मासिस्ट मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न

**करौली, (निंसं.)।** राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ (एकीकृत) शाखा करौली द्वारा जिले में फार्मासिस्ट प्रथम ग्रेड और नवनियुक्त फार्मासिस्ट मिलन सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयंती लाल मीणा, सामान्य चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ रामकेश मीणा, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ सतीश मीणा, डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ ओ पी महावर एवं सामान्य चिकित्सालय के डिप्टी कंट्रोलर डॉ भुवनेश बंसल ने कार्यक्रम में शिरकत की। सर्वप्रथम सभी अतिथियों का सम्मान किया गया तत्पश्चात विधायक दर्शन सिंह गुर्जर द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट के सामने दीप जला कर कार्यक्रम की शुरुआत की।इस मौके पर जिले से आए सभी नवनियुक्त ओर प्रथम ग्रेड पदोन्नत साथियों को माला और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

## करौली में जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन

■ **विकसित भारत-वर्ष 2047 के भारत की परिकल्पना थीम के आधार पर कला उत्सव का आयोजन मॉडल स्कूल करौली में किया**

**करौली, ( निंसं. )।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आदेशानुसार जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में किया गया।प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग,शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए समुचित अवसर प्रदान करने हेतु विकसित भारत-वर्ष 2047 के भारत की परिकल्पना थीम के आधार पर कला उत्सव का आयोजन मॉडल स्कूल करौली में किया गया।

दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर पीओ समसा राजकुमार मीणा, प्रधानाचार्य श्याम बिहारी और एमडी भावना ने कार्यक्रम की विधिवत्त शुरुआत की। 12 विधाओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया, विजेता प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डाइट करौली महेश बाबू गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी लोक संस्कृति को समुचित अवसर प्रदान करने के लिए कलाउत्सव महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है,जो विद्यार्थियों की प्रतिभा को समुचित मंच प्रदान करता है। प्रतियोगिता के दौरान प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर प्राचार्य डाइट महेश बाबू गुप्ता, एमडी भावना,श्याम बिहारी, बृजलाल बैरवा,धर्म सिंह मीणा प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया। नृत्य समूह में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली की छात्राएं शिवानी मीना,ख्याति शर्मा,नेहा,आशाबाई मीणा का ग्रुप प्रथम स्थान,नाटक में प्रथम स्थान स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली के ग्रुप संगीता जाटव, प्रीति जाटव,हर्षिता सेन, सोनिया जोशी,दृश्य कला एकल द्विआयाम में जान्वी सारस्वत केंद्रीय विद्यालय करौली, त्रिआयाम में नरेशी बैरवा, काजल बेरवा पीएम श्री सुजानपुर,कहानी वाचन में अनुष्का परेवा,राधिका जोरवाल स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक टोडाभीम के छात्र विजयी रहे। कला उत्सव के प्रभारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि ये समस्त विजेता छात्र राज्य स्तर पर करौली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्णायक के रूप में कृष्ण बिहारी पाठक,अरविंद धाकड़ अमित कुमार शर्मा,परशुराम मीणा, सुरेन्द्र शुक्ला, सतीश कुमार मीना, कुमकुम शर्मा,मनीषा पूनिया,पुष्पा गुर्जर,रघुराजसिंह, रामनरेश गुर्जर ने भूमिका निभाई।

## डॉ. गर्ग ने रूंध इकरन गांव का किया दौरा

■ **जलभराव की स्थिति का जायजा लेकर अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश**

**भरतपुर ( निस )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने विधानसभा क्षेत्र के रूंध इकरन गांव का दौरा कर जल भराव की स्थिति का जायजा लेकर जल निकासी के पुख्ता प्रंबध करने के अधिकारियों को निर्देश देते हुये गांव की क्षितग्रस्त सडकों को विधायक निधि से बनवाने की घोषणा की।

पिछले दिनों अतिवृष्टि व भारी बरसात से रूंध इकरन गांव के चारों तरफ हुये जल भराव की स्थिति का जायता लेने के लिये विधायक डॉ. गर्ग रूंध इकरन गांव पहुंचे और पूरे गांव का भ्रमण कर जलभराव की स्थिति को देखा। इसके साथ ही जलभराव के कारण कई घरों में आई दरारों का भी डॉ. गर्ग ने अवलोकन किया और मौके से ही दूरभाष पर अधिकारियों को गांव में जलभराव की स्थिति से लोगों को हो रही परेशानी से अवगत कराकर जल निकासी के पुख्ता प्रंबध करने के निर्देश दिये। गांव का दौरा करने के दौरान जल भराव की वजह से खराब हुई सडकों को भी बनवाने के लिये डॉ. गर्ग ने विधायक निधि से राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। विधायक डॉ. गर्ग के रूंध इकरन गांव पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने उनका साफा, माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान डॉ. गर्ग ने कहा कि वे क्षेत्र का विकास कराने के लिये कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि उनका मकसद पूरे विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कराना है।

## 'चिकित्सा कर्मी सजगता से करें कार्य'

**करौली, ( निंसं. )।** मंडरायल ब्लॉक के चिकित्सा कार्मिकों की एएनएम ट्रेनिंग सेंटर करौली में मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयंती लाल मीना एवं डिप्टी सीएमएचओ सतीश मीना एवं महेश कुमार मीना बीसीएमओ मंडरायल के सानिध्य में बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान बीसीएमओ महेश कुमार मीना ने बताया कि बैठक में सीएमएचओ जयंती लाल मीना ने सभी चिकित्सा कार्मिकों को अपने परिक्षेत्र में मौसमी बीमारियों का सर्वे ,एनसीडी सर्वे करने,हाईरिस्क प्रेग्नेंसी के प्रति सजग रहने,परिक्षेत्र में दिव्यांग जनो के यूडीआईडी कार्ड सर्वे करने सहित सभी कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए, एंटी लार्वान गतिविधि की जाए, समय पर एएनसी रजिस्ट्रेशन, टीकाकरण किया जाना आवश्यक है,मंडरायल ब्लॉक के सभी चिकित्सा संस्थानों से एएनएम , सीएचओ, एवं प्रभारी चिकित्सक,ऑपरेटर,एवं यूनिसेफ से राजकुमारी एवं शाहिद खान ने भाग लिया।

## जिला कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

**करौली, ( निंसं. )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की अनुपालना में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। पंचायत समिति सपोटरा के भारत निर्माण केन्द्र पर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवादियों को राहत भी दिलाई।

राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी 07 दिन मे निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत मिले।

उन्होंने लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से सुने और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनका त्वरित निस्तारण कर परिवादियों को राहत दिलाएँ। अधिकारीगण यह भी सुनिश्चित करें कि इस जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की आगामी जनसुनवाई में पुनरावृति न हो। जनसुनवाई के दौरान कुल 39 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें सरकारी भूमि पर से अतिक्रमण हटवाने, पेंशन चालू करवाने, एनएफएसए में नाम जुडवाने, सड़क बनवाने, पट्टा जारी करवाने सहित विभिन्न विभागों के अन्य प्रकरण शामिल हैं।

## शिक्षक संघ ने जिला कलेक्टर को सौपा का ज्ञापन

**करौली, ( निंसं. )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा करौली की ओर से जिला अध्यक्ष गिरधारी लाल नामा के नेतृत्व में सेवारत शिक्षकों को टीईटी परीक्षा अनिवार्यता के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर हस्तक्षेप करनेकी मांग को लेकर जिला कलेक्टर को प्रधान मंत्री,मुख्य मंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार आठवीं कक्षा तक पढ़ाने वाले सभी सेवारत शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है चाहे उनकी नियुक्ति तिथि कुछ भी रही हो। इससे देशभर के लाखों शिक्षकों की आजीविका पर संकट उत्पन्न हो जाएगा।संघ के जिला महामंत्री गोविन्द देव मीना ने बताया कि आर टी ई अधिनियम 2009 एवं एनसीटीई की अधिसूचना 23 अगस्त 2010 के अनुसार दो अलग अलग श्रेणियां मान्य थीं, एक 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षक जिन्हें योग्य माना गया था और टीईटी से छूट दी गई थी तथा दूसरा वर्ग जो 2010 के बाद नियुक्त शिक्षक जिन्हें टीईटी उत्तीर्ण करना आवश्यक था। किंतु न्यायालय के इस निर्णय ने इस भेद को अनदेखा कर दिया है जिससे 2010से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवा असुरक्षित हो गई है। ज्ञापन में सरकार से इस फैसले पर रिव्यू पिटीशन लगाने की मांग की गई है ।

## स्टील के टिफिन बाटकर दिया पॉलिथीन मुक्ति का संदेश

**करौली। ( निंसं. )।** करौली गैस एजेंसी के संचालक ने अपनी मां और पिताजी की पुण्यतिथि के अवसर पर अस्पताल में भर्ती रोगियों के परिजन एवं जरूरतमंद लोगों को स्टील के टिफिन बाटकर प्लास्टिक की पॉलिथीन मुक्ति का संदेश दिया।

ज्ञात रहे की करौली की नई सब्जी मंडी के पीछे विगत 15 वर्षों से मां अन्नपूर्णा निशुल्क भोजनशाला संचालित है जिसमें प्रतिदिन प्रातः एवं शाम के समय करीब 400 से अधिक गरीब, जरूरतमंद, असहाय एवं वृद्ध सहित अस्पताल में भर्ती रोगी और उनके परिवारजन भोजन करते हैं।

रोगियों के परिवारजन भोजन करने के बाद प्लास्टिक की पॉलिथीन में अपने अस्पताल में भर्ती रोगी के गरम दाल ,चपाती या कोई स्पेशल बनने वाली प्रसादी को पैक करा कर ले जाते हैं।

जिसको देखते हुए करौली गैस एजेंसी की संचालक टीकाराम मीणा में रोगियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सराहनीय कदम उठाया ।

श्राद्ध पक्ष के दौरान अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में भोजशाला में जरूरतमंद लोगों और अस्पताल में भर्ती रोगी और उनके परिवार जनों के लिए करीब 100 से अधिक स्टील के टिफिन वितरण किए किए जिन्हें पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और कहा कि पॉलिथीन की थैलियो में खाद्य वस्तु ले जाने के बजाय अब आसानी से टिफिन में खाद्य सामग्री ले जाने में सुविधा रहेगी।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष भोरू सिंह जादौन, मोतीलाल शाक्यवार, गोविंद शर्मा,टीकाराम मीणा गैस वाले, ओम प्रकाश गुप्ता साइकिल वाले, सुनील बंसल, भोजन शाला समिति अध्यक्ष बाला साहब आदि लोग उपस्थित रहे।

## एएमएस डिजिटल उपस्थिति के विरोध में दिया ज्ञापन

**भरतपुर ( निस )।** एएमएस डिजिटल उपस्थिति के विरोध में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ राजस्थान के आ ान पर जिला आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ भरतपुर में द्वारा उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग भरतपुर एवं अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद संभाग भरतपुर को ज्ञापन दिया गया। जो व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है संसाधनों का अभाव ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या कैंपों एवं सरकारी आदेशों से लगाई गई ड्युटियों में डिजिटल उपस्थित संभव नहीं है भौगोलिक स्थिति भी इसमें आड़े आती है, ऐसी स्थिति में मोबाइल से उपस्थित करना संभव नहीं है कुछ कर्मचारियों के पास तो एंड्रॉयड फोन तक उपलब्ध नहीं है इस विरोध ज्ञापन हेतु अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र सिंह डॉक्टर कुलदीप शर्मा डॉक्टर अतर सिंह डॉक्टर देवेंद्र चौधरी डॉक्टर निर्मल शर्मा डॉक्टर हरदेव तराना डॉक्टर प्रेम सिंह चौधरी सहित बड़ी संख्या में आयुर्वेद चिकित्सक उपस्थित रहे।

## मोक्ष धाम के मुख्य मार्ग के निर्माण की मांग

**करौली, ( निंसं. )।** करौली विकास मंच के अध्यक्ष ने स्थानीय विधायक को ज्ञापन पेश कर शहर के एकमात्र मोक्ष धाम की प्रमुख क्षितग्रस्त सड़क के निर्माण को लेकर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को ज्ञापन सौपा है।

करौली नगर परिषद के पार्षदो आकष कुषवाह,अमित तमोली,नरेष माली, यतेन्द्र सिंह,भगवान सिंह, पार्षद प्रतिनिधी दीपक शर्मा,षहर वासी धर्मेन्द्र शर्मा,कृष्णा गुलपारिया,राजकुमार शर्मा, रोबी पाल आदि लोगो नें सर्वसमाज के लिए संचालित रियासतकालीन मोक्षधाम मासलपुर गेट पर स्थित है। मोक्षधाम को जाने वाला मुख्य मार्ग एवं शेष दो दिशाओं से आने वाले मार्ग की सड़क जर्जर स्थिति में है अर्थात जगह-जगह से टूटी पडी है।

## कृषक दल को भ्रमण के लिये किया रवाना

■ **15 से 21 सितम्बर तक 7 दिवसीय अन्तर राज्यीय भ्रमण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

**करौली, ( निंसं. )।** उपनिदेषक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेषक आत्मा श्री धर्मसिंह मीना ने बताया कि किसानों को खेती की नई तकनीक सिखाने के लिए जिले के प्रगतिषील किसानों को विभिन्न अनुसंधान संस्थानों व कृषि विष्वविद्यालयो का भ्रमण करवाया जा रहा है। इसी सिलसिले में आत्मा योजनान्तर्गत 50 किसानों के दल को 15 से 21 सितम्बर तक 7 दिवसीय अन्तर राज्यीय भ्रमण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रमण करने वाले सभी संस्थानों के विषय विषेषज्ञों से अच्छी तरह से संवाद करें व संस्थानों द्वारा लगाई गयी प्रदर्षनियों का अवलोकन कर कृषि में नये नवाचार करें तथा भ्रमण में सीखी गई कृषि तकनिकों का अपने-अपने गावों में अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें व अन्य किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित करें।

जिससे कृषि प्रधान जिले में किसानों द्वारा आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने से अधिक लाभ मिल सकें। उपनिदेशक ने बताया कि जिले कि सभी पंचायत समितियों से चयनित 50 प्रगतिषील किसानों को अन्तर राज्यीय कृषक भ्रमण के तहत राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड गुडगांव, भारतीय डैयरी अनुसंधान संस्थान करनाल, परियोजना निदेषक गेंहू अनुसंधान करनाल, डायरेक्ट्रेट ऑफ मषरूम रिसर्च एनएच. 22 कण्डाघाट सौलन, सेन्ट्रल पोटेटो रिसर्च इन्सटीटयूट षिमला, केन्द्रीय फसल कटाई अभियांत्रिकी एवं प्रौद्यौगिकी संस्थान लुधियाना, पंजाब, पंजाब कृषि विष्वविद्यालय लुधियाना, पंजाब, आजादपुर फल सब्जी मण्डी नई दिल्ली इत्यादि कृषि अनुसंधान संस्थानों का भ्रमण करवाया जाएगा। प्रगतिषील कृषक संस्थानों के वैज्ञानिकों व विषय विषेषज्ञों से संवाद कर प्रदर्षनों का अवलोकन करेंगें। तथा विभिन्न कृषि, उधानकी, पषुपालन एवं नवाचारी खेती की तकनिकी को जानेंगें। उन्होंने बताया की किसान विभिन्न फसलों के उन्नत बीज, किस्म, सिंचाई जल प्रबंधन, मृदा संरक्षण, संतुलित उर्वरक व कीटनाषी उपयोग, समेकित खेती प्रणाली, जैविक खेती, व्यवसायिक पषुपालन, एवं वैज्ञानिक प्रबंधन, उच्च उधानकी तकनीकी युक्त फल व सब्जियों की खेती व अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से समझेंगें। उक्त भ्रमण हेतु परियोजना निदेषक आत्मा करौली प्रभारी हरभजन मीना उप एवं राजेन्द्र कुमार खन्ना सहायक कृषि अधिकारी शेखपुरा सहप्रभारी है। भ्रमण दल को रवाना करते समय संयुक्त निदेषक कृषि वीडी शर्मा, उप निदेषक उद्यान चेतराम मीना एवं हरभजन मीना, उप परियोजना निदेषक आत्मा आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रमांक-1, हिण्डौन सिटी**

**नोटिस हर खास व आम**

**गिर्राज बनाम हरखास आम आदि**

**प्रार्थना-पत्र बावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गिर्राज पुत्र मोतीलाल, उम्र 32 साल, जाति बैरवा, निवासी मुहाना, तहसील नादौती, जिला करौली (राज0) ने इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपने पिता मोतीलाल पुत्र राजपाल, जाति बैरवा, निवासी मुहाना, तहसील नादौती, जिला करौली द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा हिण्डौनसिटी, जिला करौली में करवाई गई पॉलिसी संख्या 195098641 में बीमित व्यक्ति की दुर्घटना में होने वाली मृत्यु बावत मिलने वाले लाभ, परिलाभ आदि की राशि को प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है।

लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र के स्वीकार करने में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी उपस्थिति इस न्यायालय में दि. 6.10.25 को समय 12.30 बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे, वरना गुजरने म्याद उक्त दिनांक के बाद कोई आंपत्ति स्वीकार नही होगी एवं प्रार्थना-पत्र एकतरफा में सुनकर फैसला कर दिया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 1.9.25 को जारी किया गया।

मोहर अदालत

**आज्ञा से-सीनियर रीडर**
**अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश**
**क्रमांक-1 हिण्डौन सिटी (राज.)**

**प्ररूप-10 ( नियम 8 ( 7 ) देखिए )**

**प्राधिकृत अधिकारी का नामः- नगर परिषद् , गंगापुर सिटी**

क्रमांकः-4186 **लोक सूचना** दिनांकः 15.9.2025

रामकिशोर पुत्र हजारी राजस्व ग्राम ब्रहम्वाद तहसील गंगापुर सिटी ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निवापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| जिला व तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल हैक्टर |
|---|---|---|---|
| सवाई माधोपुर गंगापुर सिटी | ब्रहमवाद | 508 | 0.5700 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90क और राजस्थान अभिघृति अधिनियम, 1956 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 15.09.2025 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, गंगापुर सिटी**